
मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रशिक्षण: डिजिटल मानव संसाधन प्रबंधन की दिशा में सार्थक पहल


प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल मानव संसाधन प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य से प्रशिक्षण प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उत्तर प्रदेश (नियोजन विभाग) द्वारा कालाकांकर भवन, पुराना हैदराबाद, लखनऊ में दिनांक 17 नवम्बर 2026 को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न विभागों एवं जनपदों से कुल **27 अधिकारी** सम्मिलित हुए, जिनमें अपर सांख्यिकीय अधिकारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, अधिशासी अधिकारी (नगर पालिका परिषद भिनगा), संयुक्त निदेशक (स्टेट ट्रान्सफार्मेशन कमीशन) तथा संयुक्त आयुक्त (डेयरी) सहित अन्य पदों के अधिकारी शामिल रहे।

कार्यक्रम में **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी),** उत्तर प्रदेश के तकनीकी निदेशक (IT), **श्री दीपांकर श्रीवास्तव** ने ई-एचआरएमएस (मानव सम्पदा) पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि यह एक एकीकृत प्लेटफॉर्म है, जिसमें कार्मिकों की नियुक्ति से सेवानिवृत्ति तक की सेवा-संबंधी सूचनाएँ डिजिटल रूप में सुरक्षित रहती हैं, कागजी कार्यवाही घटती है और प्रक्रियाओं की स्थिति ऑनलाइन देखी जा सकती है।

उन्होंने उदाहरणों एवं लाइव प्रदर्शन द्वारा प्रमुख मॉड्यूल समझाए: **पंजीकरण** में कार्मिक का मूल विवरण दर्ज कर डिजिटल प्रोफाइल बनता है; **कार्यभार ग्रहण एवं कार्यमुक्ति** तथा **स्थानांतरण एवं तैनाती** में तैनाती-संबंधी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी होती है; **वार्षिक प्रविष्टि (एपीएआर)** में स्वमूल्यांकन से स्वीकर्ता की प्रविष्टि तक का कार्य निर्धारित समय-सीमा में होता है; **अवकाश** में आवेदन, स्वीकृति एवं शेष अवकाश का लेखा स्वतः अद्यतन रहता है; **सम्पत्ति विवरण** में चल-अचल सम्पत्ति का वार्षिक विवरण ऑनलाइन प्रस्तुत होता है; **सेवा पुस्तिका** में नियुक्ति, वेतन-वृद्धि, पदोन्नति आदि प्रविष्टियाँ डिजिटल रूप में सत्यापित होती हैं; तथा **डीपीसी/एसीपी** में पदोन्नति एवं समयबद्ध पदोन्नति लाभ की पात्रता सेवा अभिलेख के आधार पर निर्धारित की जाती है।



पोर्टल पर प्रशिक्षण देते हुए श्री दीपांकर श्रीवास्तव



प्रशिक्षण सत्र का दृश्य



सहभागी अधिकारी एवं कार्मिक



सत्र के दौरान एकाग्रचित्त प्रतिभागीगण


चरणबद्ध एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को पोर्टल के प्रभावी उपयोग की बेहतर समझ प्राप्त हुई तथा सक्रिय सहभागिता ने सत्र को उपयोगी और संवादपरक बनाया। यह प्रशिक्षण कार्मिक प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं प्रशासनिक दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक पहल है।

Training on Manav Sampada Portal: A Meaningful Step Towards Digital Human Resource Management


Digital human resource management plays an important role in ensuring transparency, efficiency and timeliness in administration. With this objective, the Training Division of the State Planning Institute, Uttar Pradesh (Planning Department), organised a training programme on 17 November 2026 at Kalakankar Bhawan, Purana Hyderabad, Lucknow. A total of 27 officials from various departments and districts attended, including the Additional Statistical Officer, Economics and Statistics Officer, Deputy Collectors, District Development Officer, Block Development Officer, Assistant Development Officers, Assistant Labour Commissioners, District Village Industries Officer, District Horticulture Officer, e-District Manager, Executive Officer (Nagar Palika Parishad Bhinga), Joint Director (State Transformation Commission) and Joint Commissioner (Dairy), among other posts.

Shri Deepanker Srivastava, Technical Director(IT), National Informatics Centre (NIC), Uttar Pradesh, imparted training on the E-HRMS (Manav Sampada) Portal. He explained that it is an integrated platform in which employees' service information, from appointment to retirement, is maintained digitally, reducing paperwork and letting the status of every process be tracked online.

Through examples and a live demonstration, he explained the main modules: **Registration** creates an employee's digital profile; **Joining and Relieving** and **Transfer and Posting** handle posting-related processes online; **APAR** completes the appraisal, from self-assessment to the accepting authority's entry, within timelines; **Leave** covers online applications, sanction and automatic balances; **Property Return** allows the annual statement of property to be submitted online; the **Service Book** records appointment, increments and promotions digitally with verification; and **DPC/ACP** determines eligibility for promotion and Assured Career Progression from the service record.



Shri Deepanker Srivastava delivering training on the portal



A view of the training session



Participating officials and personnel



Attentive participants during the session

The step-by-step, practical guidance and the active participation of officials made the session informative and interactive. The training was a meaningful step towards strengthening transparency, accountability and administrative efficiency in human resource management.